# विश्व की प्रमुख फसलों के नाम एवं उत्पादक देशों की सूची

**विश्व की प्रमुख फसलें एवं उत्पादक देश:**

**उत्पादन के आधार पर चीन दुनिया का सबसे ज्यादा फल उत्पादन करने वाला देश है। चीन कुल 13.7 करोड़ टन फलों का उत्पादन करता है। दुनिया में 5 सबसे ज्यादा फल उत्पादन करने वाले देशों में 4 विकासशील हैं। साल 2011 के आंकडों के अनुसार यूक्रेन विश्व में सर्वाधिक जौ निर्यातक देश था।**

**चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फल उत्पादक देश बन गया है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी की गई एक नई रिपोर्ट 'एक नज़र में बागवानी के आंकड़े-2015' में इस बात का ज़िक्र किया गया है। यदि राज्यवार बात करें तो महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा फल उत्पादक राज्य है। भारत जहां फलों व सब्जियों में दुनिया का दूसरा सबसे बडा उत्पादक देश है वहीं आम, केला, नारियल, काजू, पपीता व अनार का सबसे बडा उत्पादक देश हैं।**

**विश्व की प्रमुख फसलें एवं उत्पादक देशों की सूची:**

| फसल | उत्पादक देश (घटते कर्म में) |
|---|---|
| चावल | चीन, भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैण्ड (खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी वर्ष 2017 के आंकड़ों अनुसार) |
| मक्का | संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, ब्राजील, मैक्सिको, भारत (खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी मार्च 2018 आंकड़ों के अनुसार) |
| चीनी | ब्राजील, भारत, चीन |
| गेहूँ | चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका |
| तम्बाकू | चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत |
| तिलहन | ब्राजील, चीन, भारत |
| कपास | संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, पाकिस्तान |
| चाय | भारत, चीन, श्रीलंका |
| कॉफी | ब्राजील, कोलंबिया, इंडोनेशिया |
| रबड़ | थाइलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया |
| ऊन | आस्ट्रेलिया, भारत |
| दुग्ध | भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड |
| मूंगफली | चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका |

| | |
|---|---|
| **जौ** | **रूस, यूक्रेन, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया (खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी जून** 2018 **के आंकड़ों के अनुसार)** |
| **सोयाबीन** | **संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, अर्जेंटीना, चीन, भारत (वर्ष** 2014 **के आंकड़ों के अनुसार)** |
| **गन्ना** | **ब्राजील, भारत, चीन, थाईलैण्ड, पाकिस्तान (अप्रैल** 2018 **के आंकड़ों के अनुसार)** |
| **चुकन्दर** | **रूस, फ़्रांस, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका** |
| **नारियल** | **भारत, इक्वेडोर, इंडोनेशिया** |
| **फल तथा सब्जी** | **चीन, भारत, ब्राजील, श्रीलंका, फ़्रांस** |
| **मोटे अनाज** | **संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन** |
| **सूर्यमुखी** | **रूस, यूक्रेन** |
| **लौंग** | **जंजीबार, तंजानिया** |
| **नारंगी** | **संयुक्त राज्य अमेरिका** |
| **जूट** | **भारत, बांग्लादेश, चीन, थाईलैड (राष्ट्रीय पटसन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार)** |
| **आम** | **भारत, चीन, थाईलैंड, मेक्सिको, इंडोनेशिया** |
| **केला** | **भारत, चीन, फिलीपींस, ब्राज़ील, इक्वाडोर (एफएओ** 2016 **के आंकड़ों के अनुसार)** |
| **नारियल** | **भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस (फरवरी** 2018 **के अनुसार)** |
| **पपीता** | **भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया (वर्ष** 2017 **के अनुसार)** |
| **अनार** | **भारत** |